>

Title: Need to develop Nasik Road railway station in Maharashtra.

श्री देविदास पिंगले (नासिक) : अध्यक्ष महोदय, नासिक शहर एक विकासशील शहर है। बड़ी तेजी से नासिक का विकास हो रहा है। गत पांच सालों में नासिक की लोकसंख्या लगभग दुगनी हो गई है। वर्तमान परिस्थितियों में नासिक में लगभग 1000 से 1500 छोटे बड़े कारखाने कार्यरत हैं। बड़ी मात्रा में उद्योग समुदाय नासिक में कारखाना लगाना चाहता है। अपर्याप्त यातायात के साधन नासिक के विकास में रोड़े उत्पन्न कर रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से मांग करता हूं कि वह नासिक रोड रेलवे स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकसित करने की घोषणा करे।

नासिक रोड रेलवे स्टेशन पर आवश्यक जमीन रेल विभाग के पास मौजूद है। यदि अतिरिक्त जमीन की आवश्यकता है तो राज्य सरकार वह जमीन भी देने के लिए तैयार है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से विनती करता हूं कि वह तुंत नासिक रोड रेलवे स्टेशन को टर्मिनल के रूप में विकसित करने की घोषणा करे।

---

* Treated as laid on the Table.